an>

Title: Need to construct an elevated road connecting Parasnath with Giridih in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि हाल ही में वाराणसी सहित देश के पांच शहरों में सड़क जाम से निजात पाने के लिए एलिवेटिड रोड्स का निर्माण करने का फैसला लिया गया है, जो कि सराहनीय है। झारखंड और बिहार के कई शहरों में यातायात जाम की समस्या आज भी है। इसके कई कारण हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य तय मानक के अनुसार नहीं होना, फोर लेन और सिक्स लेन का कार्य लम्बित होना तथा सड़कों के चौड़ीकरण की स्वीकृति के पश्चात् परियोजनाओं को वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा स्वीकृति नहीं दिया जाना, भूमि अधिग्रहण कार्य में बाधा निर्माण कम्पनीज की उदासीनता आदि कारणों से परियोजनाएं लम्बित हैं। मेरा संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में पारसनाथ एक पर्यटक स्थल के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र भी है। वह एरिया अभ्रक और कोयले की खदानों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। वहां जिला मुख्यालय में यातायात जाम की समस्या बहुत गम्भीर है। इसी प्रकार झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग -98 और झारखंड तथा उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला नेशनल हाइवे-2 के चौड़ीकरण की योजना के लम्बित रहने के कारण सड़क जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। अतः मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि गिरिडीह शहर का जो महान तीर्थ स्थल पारसनाथ है, उसे जोड़ने के लिए एलिवेटिड सड़क के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए तथा उक्त लम्बित सड़कों के चौड़ीकरण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की व्यवस्था करें।